संख्या– 2065/9–3–14–97डब्लू/98

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी ,
नगर पंचायत भरगैन,
कासगंज

नगर विकास अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 11 जुलाई, 2014

विषयः– नगर पंचायत भरगैन, जनपद कासगंज के जलकल प्रतिष्ठान हेतु वार्षिक संविदा पर सृजित अस्थायी पदों की निरन्तरता के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–न0प0भ0/2013–14,दिनांक 03.03.14 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या–269/9–3–01–97डब्लू/98 दिनांक 22.01.2001 द्वारा नगर पंचायत भरगैन जनपद एटा, सम्प्रति कासगंज के जलकल प्रतिष्ठान हेतु वार्षिक संविदा के आधार पर सृजित कनिष्ठ लिपिक/जलकल लिपिक 01 पद, पम्प अटेण्डेन्ट–03 पद, पाईप लाईन मिस्त्री–01 पद, चौकीदार–01 पद कुल 06 अस्थायी पदों जिनकी अन्तिम बार निरन्तरता की स्वीकृति शासनादेश संख्या–1384/9–3–13–97डब्लू/98, दिनांक 03.07.2013 द्वारा दिनांक 01.03.2013 से 28.02.2014 तक प्रदान की गयी थी, कि श्री राज्यपाल महोदय उन्ही शतों के आधीन उक्त पदों को दिनांक 01.03.2014 से 28.02.2015 तक चलते रहने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी कासगंज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा, उ0प्र0 इलाहाबाद।
4. अध्यक्ष, नगर पंचायत, भरगैन, कासगंज।
5. गार्ड फाइल।

(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव

Asthana GO(1)